दिन– रविवार दिनांक– 13 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन। केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया पटना में जय भीम पदयात्रा का कर रहे हैं नेतृत्व।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल द्वारा भेजे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति द्वारा निर्णय लेने के लिए तीन माह की समय–सीमा निर्धारित की।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस अप्रैल को पंचायती राज दिवस के अवसर पर मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

04. और, मौसम विभाग की चेतावनी– आज भी प्रदेश के विभिन्न भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका।

---

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया आज पटना में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित जय भीम पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। पदयात्रा अब से थोड़ी देर में गांधी मैदान से शुरू होगी। यह यात्रा पटना के विभिन्न इलाकों से गुजरेगी। इस पदयात्रा में मेरा भारत संस्था के हजारों स्वयंसेवी शामिल हो रहे हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

इधर, इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पटना साहिब सांसद रवि शंकर प्रसाद, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन और खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हैं। इधर, जदयू की ओर से आज पटना के बापू सभागार में भीम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उपस्थित रहेंगे। वहीं, राजद ने कल प्रदेश के सभी पंचायतों के दलित टोलों में अम्बेदकर जयंती मनाने का निर्णय लिया है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस अप्रैल को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे मधुबनी में पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पटना स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में एनडीए के घटक दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुयी। इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। बैठक में एनडीए के

सभी घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद, विधायक और प्रमुख नेता उपस्थित थे। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चौबीस अप्रैल को प्रधानमंत्री बिहारवासियों को कई सौगात देंगे।

---बाइट---

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के प्रतिक्षा सूची के लाभर्थियों के लिए अतिरिक्त आंवटन की मांग की है। उपमुख्यमंत्री ने चालू वित्त वर्ष के लिए यह अनुरोध किया है।

---

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा, सेक्यूलर की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज पटना में आयोजित की जायेगी। बैठक का मुख्य एजेंडा है आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नणनीति बनाना और संगठन का विस्तार। पार्टी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में पार्टी के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी, विधायक मौजूद रहेंगे।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि राज्यपालों द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजे गए राज्य विधेयकों पर राष्ट्रपति को तीन माह के भीतर फैसला करना चाहिए। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति महादेवन की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इसमें विलम्ब होने के वैध कारण को संबंधित राज्य के साथ साझा किया जाना चाहिए। पीठ ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि के दस लंबित विधेयकों पर मंजूरी न देने के फैसले को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि राष्ट्रपति को भी राज्यपालों द्वारा भेजे गए विधेयकों पर निर्णय लेने में तीन महीने से अधिक समय नहीं लेना चाहिए। अगर निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो राज्यों को न्यायालयों में जाने का अधिकार है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अगर संवैधानिक कारणों से कोई विधेयक रोका जाता है, तो अनुच्छेद एक सौ तैंतालीस के अन्तर्गत राष्ट्रपति को सर्वोच्च न्यायालय से परामर्श लेना चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद दो सौ के तहत राज्यपालों के कार्यों की समय सीमा तय करके वह उनके अधिकारों को कम करके नहीं देख रहा है, लेकिन राज्यपाल को संसदीय लोकतंत्र की स्थापित परंपराओं के प्रति उचित सम्मान के साथ कार्य करना चाहिए। अनुच्छेद दो सौ के तहत राज्यपाल को उनके समक्ष प्रस्तुत विधेयकों को स्वीकृति देने, स्वीकृति न देने या राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखने का अधिकार है।

---

राज्य सरकार ने प्रदेश में विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्य में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी है। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने पटना में समीक्षात्मक बैठक में यह निर्देश दिये। श्री सरावगी ने प्रथम चरण के तहत बीस जिलों के नवासी अंचलों के पांच हजार छह सौ संतावन गांवों में चल रहे सर्वेक्षण की धीमी गति पर चिंता जताते हुये अधिकारियों से कहा कि विशेष सर्वेक्षण कार्य जल्द पूरा करे।

---

और, अब एक जरूरी सूचना.....

आकाशवाणी पटना से दोपहर तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित होने वाले हिन्दी समाचार बुलेटिन और तीन बजकर पंद्रह मिनट पर प्रसारित होने वाले उर्दू समाचार बुलेटिन के प्रसारण समय में बदलाव किया जा रहा है। तेरह अप्रैल यानि आज से हिन्दी समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किये जायेंगे। वहीं, उर्दू समाचार बुलेटिन का प्रसारण दोपहर दो बजकर पांच मिनट से होगा।

---

अगले वर्ष के पद्म पुरस्कारों के लिए इस वर्ष इकतीस जुलाई तक नामांकन किए जा सकेंगे। नामांकन की प्रक्रिया पन्द्रह मार्च से शुरु हो गई है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर स्वीकार की जाएंगी। चयनित पद्म पुरस्कार विजेताओं के नाम अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाएंगे।

---

बैसाखी का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी। इधर, खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह के जन्मस्थान पटना स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दूर–दूर से श्रद्धालु कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं।

आज ही के दिन अमृतसर के जालियांवाला बाग में अंग्रेज अधिकारी जनरल डायर ने लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलवाई थीं। जालियांवाला बाग के शहीदों को भी श्रद्धांजलि अपर्ति की जा रही है।

---

मौसम विभाग ने आज पटना समेत प्रदेश के चौबीस जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने बताया कि

उत्तर–पूर्वी और पश्चिम बिहार के कई क्षेत्रों में इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, हमारे पूर्णियां संवाददाता ने बताया कि जिले के विभिन्न भागों में देर रात तेज आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं, पटना, शेखपुरा, लखीसराय और उसके आस–पास के क्षेत्रों में देर रात मेघगर्जन के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों– सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार जिले में अनेक स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। वहीं, राज्य के अन्य हिस्सों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

–––बाइट–––

---

उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि आंधी और बारिश के कारण किसानों को हुई फसल क्षति के आकलन का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के मूल्यांकन के आधार पर सरकार किसानों के लिए मुआवजा और अन्य संसाधनों की व्यवस्था करेगी।

---

कटिहार रेलवे मैदान में तीन दिवसीय रेल मेला का आयोजन किया गया है। मेले का उद्‌घाटन पूर्व उपमुख्यमंत्री सह कटिहार सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद ने किया। कटिहार रेल मंडल के डीआरएम सुरेंद्र कुमार ने बताया कि रेलवे के विभिन्न विभागों, भारत स्काउट एंड गाइड, विमेन वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन और कई निजी संस्थाओं के द्वारा कुल सड़सठ स्टाल लगाए गए हैं।

---

बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने ड्रेसर पद पर बहाली के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर पन्द्रह अप्रैल कर दी है। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि बाहर अप्रैल निर्धारित थी।

---

बिहार ग्रामीण आजीवका मिशन के तत्वावधान में खगड़िया जिले के एक हजार चार सौ आठ ग्राम समितियों में सत्रह अप्रैल से चौदह जून तक महिला संवाद कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। जिलाधिकारी अभिषेक पलासिया ने बताया कि महिला संवाद का मुख्य उद्‌देश्य ग्रामीण स्तर की महिलाओं को सरकारी की योजनाओं जानकरी देना है।

---

नालंदा की ज्ञान परंपरा को लेकर कल पटना के काशी प्रसाद जायसवाल शोध संस्थान में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका मुख्य विषय– नालंदा परंपरा में काल चक्र तंत्र पर केन्द्रित था।

---

बिहार दूसरी बार महिला विश्व कप कबड्डी प्रतियोगिता– दो हजार पच्चीस की मेजबानी करेगा। वर्ष दो हजार बारह में पहली बार बिहार ने महिला विश्व कप कबड्डी प्रतियोगिता की मेजबानी की थी। पटना में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण और एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जितेन्द्र ठाकुर ने विश्व कप कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। संवाददाताओं से बातचीत में श्री शंकरण ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन एक जून से दस जून के बीच राजगीर खेल अकादमी में होगा। इस प्रतियोगिता में भारत, चीन, नेपाल, पाकिस्तान, थाइलैंड और दक्षिण अफ्रीका सहित चौदह देशों की टीमें हिस्सा लेंगी।

–––बाइट–––

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान का शीर्षक है– केन्द्र सरकार की सौगात, बिहार में पांच लाख बीस हजार ग्रामीणों को मिलेंगे आवास।

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर दैनिक भास्कर ने अपनी सुर्खी बनाते हुये लिखा है– बिहार में बारह सौ मतदाता पर एक बूथ बनेगा। अखबार लिखता है– दो मई से ईवीएम की फस्ट लेवल जांच होगी।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– मई में पंचायत उपचुनाव की सम्भावना, तैयारी में जुटा राज्य निर्वाचन आयोग।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन। केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया पटना में जय भीम पदयात्रा का कर रहे हैं नेतृत्व।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल द्वारा भेजे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति द्वारा निर्णय लेने के लिए तीन माह की समय–सीमा निर्धारित की।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस अप्रैल को पंचायती राज दिवस के अवसर पर मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

04. और, मौसम विभाग की चेतावनी– आज भी प्रदेश के विभिन्न भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।